**खबर संक्षेप**

### बदेरा ग्राम पंचायत में पीसीसी सड़क निर्माण पर उठे सवाल, सरपंच व ग्रामीणों ने लगाया घटिया सामग्री का आरोप



**मैहर।** मैहर जिले की ग्राम पंचायत बदेरा में मुख्य मार्ग से शासकीय महाविद्यालय तक बनाई जा रही पीसीसी सड़क के निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी का गंभीर मामला सामने आया है। स्थानीय ग्रामीणों और ग्राम पंचायत सरपंच ने निर्माण एजेंसी पर घटिया सामग्री के इस्तेमाल का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण में 6 एमएम और 12 एमएम गिट्टी के साथ मानकों से कहीं अधिक मात्रा में डस्ट (एम-सैंड) मिलाई जा रही है,जिससे सड़क की मजबूती प्रभावित होगी। अनियमितता की शिकायत मिलने पर सरपंच ने ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। सरपंच ने जब ठेकेदार से गुणवत्ता सुधारने को कहा,तो ठेकेदार ने अपनी ऊंची पहुंच का हवाला देते हुए कार्य रोकने से इनकार कर दिया और कथित तौर पर सरपंच को ही जांच कराने की धमकी दे डाली। यह मार्ग विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि वे मौके पर आकर सामग्री की तकनीकी जांच कराएं,निर्माण के नमूने प्रयोगशाला भेजें और दोषी ठेकेदार व अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई करें। फिलहाल इस मामले में विभागीय अधिकारियों की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

### बिलहरी के हनुमान मंदिर से चांदी का मुकुट चोरी

**कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बिलहरी में अज्ञात शातिर चोर ने मंदिर से हनुमान जी के सिर पर चांदी का मुकुट पार कर दिया। घटना के बाद से स्थानीय श्रद्धालुओं और चौरसिया समाज में भारी आक्रोश है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, बिलहरी के चौरसिया मोहल्ला निवासी 72 वर्षीय बुजुर्ग विष्णु चौरसिया पिता टीकाराम चौरसिया ने कुठला थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि कोई अज्ञात चोर मंदिर के भीतर दाखिल हुआ और हनुमान जी के सिर पर रखा चांदी का पुराना मुकुट चोरी कर ले गया। चोरी गए मुकुट का वजन करीब 10 तोला बताया जा रहा है, जिसकी बाजारू कीमत लगभग 5,500 रुपये आंकी गई है। घटना की जानकारी मिलते ही कुठला पुलिस ने मौका मुआयना किया और अज्ञात चोर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 305(d) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस हुलिए और मुखबिरों के जरिए संदेहियों की तलाश कर रही है।

### विद्युत पोल में आये करंट से गाय की मौत

**कटनी।** कुठला क्षेत्र में इंडिया होटल के पास बिजली के खंभे में करंट उतर आने से एक गाय की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि उस समय वहां कोई बच्चा या राहगीर खंभे की चपेट में आ जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय नागरिकों ने तत्काल विद्युत विभाग, नगर निगम और को सूचना दी। सूचना पर विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंची।

## तेज गरज चमक के साथ पेड़ पर गिरी आकाशीय बिजली, लगी आग



**सतना।** जिले के खरवाही गांव में रविवार को प्रकृति का रौद्र रूप देखने को मिला,जहां तेज बारिश और गरज-चमक के बीच माता मंदिर के पास स्थित एक विशाल पेड़ पर आकाशीय बिजली गिर गई। आकाशीय बिजली की चपेट में आते ही पेड़ धू-धू कर जल उठा,जिससे आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया और कुछ देर के लिए अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक,रविवार को अचानक मौसम का मिजाज बदला और झमाझम बारिश के साथ आकाशीय बिजली कड़कने लगी। इसी दौरान माता मंदिर परिसर के समीप लगे एक पेड़ पर जोरदार धमाके के साथ बिजली गिरी। घटना इतनी अचानक हुई कि लोग सहम गए। गनीमत यह रही कि जिस वक्त यह हादसा हुआ,उस समय पेड़ के नीचे या मंदिर के आसपास कोई मौजूद नहीं था,जिससे एक बड़ा हादसा टल गया और किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

### सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो

घटना के तुरंत बाद मौके पर मौजूद कुछ स्थानीय लोगों ने अपने मोबाइल फोन से इस खौफनाक मंजर का वीडियो बना लिया। अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि किस तरह पेड़ से धुएं का गुबार और आग की ऊंची लपटें उठ रही हैं। सूचना मिलने पर स्थानीय प्रशासन और ग्रामीणों ने मुस्तैदी दिखाते हुए हालात पर काबू पाया।

### मझगवां में घटिया सड़क निर्माण पर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

## आजादी के बाद पहली बार बनी पीसीसी सड़क पहली ही बारिश में बही

सतना। जनपद पंचायत मझगवां के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत कौहारी के सुदूर ग्रामीण अंचल 'लामा टूटैला' में विकास के दावों की पहली ही बारिश में पोल खुलकर सामने आ गई है। इस अत्यंत पिछड़े क्षेत्र के ग्रामीणों को आजादी के बाद पहली बार पीसीसी (प्लेन सीमेंट कंक्रीट) सड़क की सौगात मिली थी,जिससे ग्रामीणों में भारी उत्साह था। लेकिन भ्रष्टाचार,कछुआ गति और मानकविहीन निर्माण के चलते ग्रामीणों की यह खुशी चंद दिनों में ही काफूर हो गई।





### बोदा बालू के इस्तेमाल से ताश के पत्तों की तरह ढही सड़क

स्थानीय ग्रामीणों का गंभीर आरोप है कि इस सड़क के निर्माण में तकनीकी मानकों को पूरी तरह ताक पर रख दिया गया। सड़क निर्माण में भारी मात्रा में 'बोदा बालू' (अत्यंत महीन धूल वाली बालू) का धड़ल्ले से इस्तेमाल किया गया,जिसके कारण कंक्रीट की पकड़ मजबूत नहीं हो सकी और पूरी सड़क कमजोर हो गई। नतीजा यह हुआ कि मानसून की पहली ही बारिश के पानी का वेग भी यह नई नवेली सड़क नहीं झेल पाई और देखते ही देखते पूरी की पूरी सड़क ताश के पत्तों की तरह ढहकर बह गई।

### ग्रामीणों में भारी आक्रोश

आजादी के इतने दशकों बाद मिली मूलभूत सुविधा के इस तरह भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाने से स्थानीय ग्रामीणों में प्रशासन और संबंधित निर्माण एजेंसी के खिलाफ भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने मामले की उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई और दोबारा मजबूत सड़क बनाने की मांग की है।

### निर्माण श्रमिकों के लिए आयुष्मान कार्ड बनाने विशेष शिविर 6 से 8 जुलाई तक

**सतना।** म.प्र.भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल के अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लिए आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु नगर पालिक निगम सतना क्षेत्र में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 6 जुलाई से 8 जुलाई 2026 तक संजीवनी हॉस्पिटल कामता टोला सतना में आयोजित होगा। सहायक श्रमायुक्त रीवा संभाग सतना द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया है कि इस विशेष अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक निर्माण श्रमिकों एवं उनके परिवारों को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ना है,ताकि उन्हें आवश्यकता पड़ने पर निःशुल्क उपचार की सुविधा मिल सके। श्रम विभाग द्वारा आसपास के सभी पंजीकृत निर्माण श्रमिकों से अपील की गई है कि वे निर्धारित तिथियों में शिविर स्थल पर उपस्थित होकर अपने एवं अपने परिवार के सदस्यों के आयुष्मान कार्ड बनवाना सुनिश्चित करें।इससे भविष्य में गंभीर बीमारियों के उपचार में आर्थिक सहायता प्राप्त हो सकेगी।

## पुलिस को चुनौतीः आशीर्वाद ढाबा का फरार मुख्य आरोपी इंस्टाग्राम पर हथियारों के साथ आया लाइव

**सतना।** शहर के चर्चित आशीर्वाद ढाबा में हुई लूट,मारपीट और तोड़फोड़ की घटना के मुख्य फरार आरोपी द्वारा सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन करने का मामला सामने आया है।



आरोपी पर कुछ दिनों पहले कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित आशीर्वाद ढाबा में अपने साथियों के साथ घुसकर तोड़फोड़,नकदी और टेक्नो मोबाइल लूटने का आरोप है। पुलिस इस मामले में गंभीर धाराओं के तहत उसकी तलाश कर रही थी,लेकिन इसी बीच आरोपी का इंस्टाग्राम पर एक लाइव वीडियो वायरल हो गया। वीडियो में आरोपी खुलेआम असलहे (हथियार) का प्रदर्शन करता दिखाई दे रहा है,जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि उसे कानून का कोई डर नहीं है। फरार आरोपी के इस तरह लाइव आने से स्थानीय जनता में भारी आक्रोश है और लोग पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार,पुलिस अब अवैध हथियारों के प्रदर्शन की धाराओं के तहत भी कार्रवाई करने की तैयारी में है।

## ससुराल से लौट रहे युवक पर अज्ञात बदमाश ने किया चाकू से हमला





**सतना।** कोलगवां थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है,जहां एक युवक पर रास्ते में चाकू से जानलेवा हमला कर दिया गया। जानकारी के अनुसार,गौरैया गांव का रहने वाला रजनीश केवट 28 वर्ष,पिता महेश केवट,अपने ससुराल से वापस अपने गांव लौट रहा था। तभी रास्ते में सोनोरा बाईपास के पास एक अज्ञात लड़के ने उसे हाथ देकर रुकवाया और कुछ दूरी तक छोड़ने का आग्रह किया। रजनीश ने इंसानियत के नाते उसे अपनी मोटरसाइकिल पर बैठा लिया। लेकिन कुछ ही दूरी पर जाने के बाद,उस अज्ञात लड़के ने अचानक रजनीश पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमला करने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घायल रजनीश को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर अज्ञात हमलावर की तलाश शुरू कर दी है और बाईपास व आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ की जा रही है।

## बिरहुली फ्लाईओवर निर्माण से नैना सगमनिया मार्ग हुआ जर्जर,हादसे बढ़े





सतना।

सतना से सेमरिया मार्ग पर स्थित बिरहुली रेलवे फाटक पर वर्तमान में फ्लाईओवर का निर्माण कार्य चल रहा है। इस निर्माण कार्य की वजह से यातायात को सुचारू रखने के लिए नैना सगमनिया मार्ग से एक डायवर्शन रास्ता दिया गया है। लेकिन प्रशासन और निर्माण एजेंसी की लापरवाही के चलते यह डायवर्शन मार्ग राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बन चुका है। भारी वाहनों के दबाव और उचित रख-रखाव न होने के कारण पूरी सड़क और पटरी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। जगह-जगह सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं,जिनमें बारिश का पानी भरा हुआ है। इन गड्ढों और खराब रास्तों के कारण वाहन क्रॉसिंग के दौरान आए दिन गंभीर सड़क हादसे हो रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों द्वारा बार-बार मांग किए जाने के बावजूद डायवर्शन सड़क और पटरी की मरम्मत नहीं करवाई जा रही है,जिससे क्षेत्र के लोगों में भारी आक्रोश पनप रहा है।

## किसान को दी तालिबानी यातना, हालत नाजुक



**सतना।** नागौद क्षेत्र के रहिकवारा गांव में 3 जुलाई को एक गरीब किसान परिवार पर जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। चर्चित शराब ठेकेदार ने अपने 7-8 साथियों के साथ मिलकर राकेश कुशवाहा के घर पर धावा बोल दिया। आरोप है कि राकेश ने ठेकेदार की अवैध शराब को गांव-गांव बेचने से साफ मना कर दिया था,जिससे नाराज होकर ठेकेदार ने उस पर बेरहमी से हमला कर दिया। मारपीट के दौरान जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल कर पूरे समुदाय का अपमान भी किया गया। राकेश कुशवाहा को गंभीर हालत में जिला अस्पताल सतना रेफर किया गया है,जहां वह जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है। घटना से क्षेत्रीय कुशवाहा समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस ने हाल ही में पकड़ी गई 15 पेटी अवैध शराब के बावजूद ठेकेदार को बचाने का प्रयास किया है। समुदाय ने चेतावनी दी है कि यदि दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई नहीं की गई,तो वे उग्र जन आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## शाहपुर में सीमेंट-गिट्टी की जगह जंगल के पत्थरों से बना दी पीसीसी सड़क,एडवांस में हुआ भुगतान





**सतना।** चित्रकूट जनपद के शाहपुर पंचायत में भ्रष्टाचार का एक अनोखा मामला सामने आया है,जहां सरपंच ने सीमेंट,गिट्टी और बालू के स्थान पर पत्थरों की सड़क खड़ी कर दी है। आरोप है कि सरपंच ने वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों से सांठगांठ करके जंगल के पत्थरों को अवैध रूप से तुड़वाया और ट्रैक्टर-ट्रॉली के माध्यम से लाकर पीसीसी सड़क के निर्माण में इस्तेमाल कर लिया। इस खेल में क्षेत्रीय उपयंत्री (सब-इंजीनियर) की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं,क्योंकि कार्य का मूल्यांकन और एस्टीमेट कथित तौर पर जमीनी निरीक्षण के बजाय बंद कमरों में तय हो रहा है। इतना ही नहीं,सचिव और सरपंच की जुगलबंदी ऐसी रही कि सरकारी नियमों को ताक पर रखकर काम पूरा होने से पहले ही पूरी राशि का आहरण (भुगतान) पहले ही कर लिया गया। एडवांस पैसा जेब में आने के बाद अब निर्माण की गुणवत्ता को पूरी तरह दरकिनार कर दिया गया है। स्थानीय जनता अब इस अंधेरगर्दी के खिलाफ जिला स्तरीय जांच की मांग कर रही है।

**स्वामी विवेकानंद समर्पण दिवस पर संगोष्ठी**

## स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोतः प्रो. कपिल देव मिश्रा



**सतना।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग द्वारा स्वामी विवेकानंद समर्पण दिवस के अवसर पर एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय,जबलपुर के पूर्व कुलपति प्रो.कपिल देव मिश्रा ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज के दौर में भी युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण,आत्मविश्वास और राष्ट्रसेवा के लिए समान रूप से प्रासंगिक हैं। उनके सिद्धांतों पर चलकर ही एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है।

### शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने रखे विचार

कार्यक्रम की अध्यक्षता ललित कला विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.प्रसन्न पाटकर ने की। संगोष्ठी के दौरान उपस्थित शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने स्वामी विवेकानंद के शिक्षा-दर्शन, भारतीय संस्कृति,अध्यात्म, सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण संबंधी विचारों पर गहन चर्चा की और अपने-अपने विचार व्यक्त किए। इस गरिमामयी अवसर पर प्रो. प्रज्ञा मिश्रा,डॉ.जयशंकर मिश्रा,डॉ.राकेश मौर्य सहित विभिन्न विभागों के शिक्षक,शोधार्थी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## अमरपाटन में अवैध शराब कारोबार व बिना लाइसेंस अहाता संचालन पर चुप्पी पुलिस और आबकारी की कार्यशैली पर सवाल



**मैहर।** मैहर जिले के अमरपाटन क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री और बिना लाइसेंस के अहाता संचालन को लेकर स्थानीय स्तर पर आक्रोश बढ़ता जा रहा है। क्षेत्र में लगातार हो रही इन अवैध गतिविधियों के बावजूद अबतक पुलिस और आबकारी विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई न किए जाने से दोनों विभागों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि बस स्टैंड स्थित बुंदेली ढाबा और हाईवे-30 के किनारे बघेली ढाबा के पास बेखौफ होकर अवैध शराब का कारोबार चलाया जा रहा है। इसके साथ ही शराब ठेके के ठीक बगल में बिना किसी वैध लाइसेंस के अहाता संचालित होने का दावा भी किया जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार,इस संबंध में पर्याप्त फोटो और वीडियो साक्ष्य के रूप में उपलब्ध होने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी सुस्ती दिखा रहे हैं। जिले में अवैध गतिविधियों पर जीरो टॉलरेंस के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं,लेकिन अमरपाटन की यह स्थिति उन दावों की पोल खोल रही है।स्थानीय नागरिकों ने वरिष्ठ अधिकारियों से इस पूरे नेक्सस की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

## नशे में धुत प्रधान आरक्षक ने की अभद्रता

**सतना। ना**गौद थाने में तैनात प्रधान आरक्षक पर शराब के नशे में ड्यूटी के दौरान गाली-गलौज और मारपीट की धमकी देने के गंभीर आरोप लगे हैं। घटना की शुरुआत 4 जुलाई की रात हुई,जब प्रधान आरक्षक ने जबरन ढाबा खुलवाया और दरवाजा देर से खोलने पर कर्मचारी से विवाद किया,जिसका वीडियो भी वायरल हुआ है। अगले दिन सुबह नागौद थाने के सामने चाय की दुकान पर शराब के नशे में उग्र होकर अभद्र व्यवहार किया और अपनी धौंस जमाई। स्थानीय सूत्रों के अनुसार,इस बौखलाहट के पीछे का कारण एक बड़ी डील का लीक होना है। हाल ही में ग्रामीणों द्वारा पकड़ी गई 15 पेटी अवैध शराब के मामले में मुख्य आरोपियों (शराब ठेकेदार के मैनेजरों) को बचाने के लिए पुलिस द्वारा 10 लाख रुपये की मांग की जा रही थी। ढाबा विवाद का वीडियो वायरल करने से यह सांठगांठ प्रभावित हो रही थी,जिससे नाराज होकर आरक्षक ने यह कदम उठाया।

## खबर संक्षेप

### अंगद की तरह पैर जमाकर बैठा आबकारी इंस्पेक्टर मुकेश पांडे



**अमानगंज।** पन्ना जिले के ग्रामीण अंचलों में अवैध शराब के कारोबार को लेकर लोगों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों का आरोप है कि आबकारी विभाग की निष्क्रियता के कारण गांव-गांव अवैध शराब खुलेआम बिक रही है और हंसते-खेलते परिवार बर्बादी की कगार पर पहुंच रहे हैं। ताजा मामला अमानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम भटवा का है, जहां ग्राम बलगहा निवासी तंशा आदिवासी ने पुलिस को सूचना दी कि उनके भतीजे प्रभु आदिवासी ने महानीम के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों के अनुसार वह शराब पीने का आदी था और आशंका है कि नशे की हालत में उसने यह कदम उठाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। आत्महत्या के वास्तविक कारणों की पुष्टि जांच के बाद ही होगी। इधर क्षेत्र में यह भी आरोप लगाए जा रहे हैं कि आबकारी इंस्पेक्टर मुकेश पांडे लंबे समय से एक ही क्षेत्र में पदस्थ हैं और शराब माफियाओं से कथित सांठगांठ के चलते अवैध शराब के कारोबार पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही। इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है और न ही इस संबंध में विभाग का पक्ष सामने आया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि अवैध शराब के कारोबार पर समय रहते कठोर कार्रवाई की जाती, तो कई परिवारों को बर्बादी से बचाया जा सकता था। क्षेत्रवासियों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर अवैध शराब के कारोबार पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### भाजपा का जिला कार्यकर्ता सम्मेलन 6 जुलाई को, संगठन सुदृढ़ीकरण पर होगा मंथन



**पन्ना।** भारतीय जनता पार्टी जिला पन्ना द्वारा संगठन के विस्तार एवं कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शन के उद्देश्य से सोमवार, 6 जुलाई 2026 को दोपहर 2 बजे टाउन हॉल, पन्ना में जिला कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। यह सम्मेलन संगठन शिल्पी, प्रखर शिक्षाविद एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक स्तंभ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती वर्ष के अवसर पर चल रहे स्मरण पखवाड़ा (23 जून से 6 जुलाई) के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन के मुख्य अतिथि खजुराहो सांसद एवं भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा होंगे। कार्यक्रम में पन्ना विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह, जिला संगठन प्रभारी सतानंद गौतम, गुनौर विधायक डॉ. राजेश वर्मा, पवई विधायक प्रह्लाद सिंह लोधी, जिला संगठन प्रभारी जाहर सिंह तथा भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। जिला भाजपा अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्र ने जिले के सभी प्राथमिक, सक्रिय एवं सहयोगी सदस्यों सहित मंडलों और मोर्चों के पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं से सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया है। सम्मेलन में संगठन की आगामी कार्ययोजना, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, संगठनात्मक मजबूती तथा कार्यकर्ताओं की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। भाजपा ने इसे जिले के संगठनात्मक दृष्टिकोण से एक महत्वपूर्ण आयोजन बताया है, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की सहभागिता रहने की संभावना है।

### भाजपा मंडल की मासिक बैठक संपन्न



**अमानगंज।** भारतीय जनता पार्टी मंडल अमानगंज की मासिक बैठक रविवार, को स्थानीय साईं मंडपम में आयोजित की गई। बैठक में मंडल पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, शक्ति केंद्र की टोली, पंच परमेश्वर तथा समस्त बूथ अध्यक्षों ने सहभागिता की। बैठक के मुख्य अतिथि भाजपा जिला मंत्री एवं मंडल प्रभारी श्री जगदीश पटेल रहे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंडल अध्यक्ष डॉ. प्रशांत चतुर्वेदी ने आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की तथा संगठन ऐप के प्रभावी उपयोग और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया। बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता मस्तराम राजपूत, मंडल कोषाध्यक्ष दशरथ गुप्ता, सारिका खटीक, प्रदीप अवस्थी राजदीप गोस्वामी, अमित द्विवेदी, प्रेम नारायण शर्मा, भूपेंद्र सिंह,सहित मंडल के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जनजागरूकता के माध्यम से साइबर सुरक्षा का संदेश

**पन्ना।**

मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित राज्य स्तरीय साइबर सुरक्षा जन-जागरूकता अभियान 'ैंथ्म ब्स्प्ब्ज्ञ-2026 2.0ष' के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक पन्ना 'श्रीमती निवेदिता नायडू' के निर्देशन में अभियान के 'द्वादश दिवस' जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में 'ष्मुनादी एवं विशेष जागरूकताष' विषय पर व्यापक साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान के अंतर्गत जिले के ग्रामों एवं कस्बों में 'कोटवारों के माध्यम से पारंपरिक मुनादी' कर आमजन को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया गया। वहीं 'आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, पंचायत प्रतिनिधियों, ग्राम सचिवों, रोजगार सहायकों एवं अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों' द्वारा घर-घर पहुंचकर नागरिकों को साइबर सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई तथा उन्हें सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। मुनादी के माध्यम से ग्रामीण नागरिकों को बताया गया कि वर्तमान समय में साइबर अपराधी 'डिजिटल अरेस्ट, फर्जी पुलिस एवं सरकारी अधिकारी बनकर कॉल करना, केवाईसी अपडेट, बैंक खाता बंद होने का झांसा, बिजली बिल, गैस कनेक्शन, ऑनलाइन निवेश (प्दअमेजउमदज थ्तंनक), टास्क फ्रॉड, ऑनलाइन लोन, फर्जी नौकरी (श्रवइ विमित), सोशल मीडिया अकाउंट हैकिंग, व्हाट्सएप एवं फेसबुक अकाउंट क्लोनिंग,




ओटीपी फ्रॉड, यूपीआई फ्रॉड, स्क्रीन शेयरिंग एप तथा संदिग्ध लिंक एवं ।च्ज्ञ फ़ाइलों' के माध्यम से लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। घर-घर संपर्क अभियान के दौरान नागरिकों को विशेष रूप से समझाया गया कि 'किसी भी व्यक्ति के कहने पर अपना बैंक खाता, एटीएम कार्ड, चेकबुक, ओटीपी, यूपीआई पिन, सीवीवी, इंटरनेट बैंकिंग पासवर्ड अथवा अन्य गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें।' साथ ही किसी भी अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें तथा अज्ञात स्रोत से प्राप्त किसी भी एप या ।च्ज्ञ फ़ाइल को डाउनलोड करने से बचें। नागरिकों को यह भी बताया गया कि 'कोई भी पुलिस अधिकारी, सीबीआई, ईडी, न्यायालय अथवा अन्य सरकारी एजेंसी किसी व्यक्ति को फोन या वीडियो कॉल के माध्यम से ष्डिजिटल अरेस्टष नहीं करती।' यदि कोई व्यक्ति स्वयं को अधिकारी बताकर डराने, धमकाने या धनराशि ट्रांसफर करने का दबाव बनाता है, तो उसकी बातों में न आएं तथा तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दें। अभियान के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा नागरिकों से संवाद स्थापित कर उन्हें साइबर अपराधों की पहचान करने, सतर्क रहने तथा अपने परिवार के वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं, विद्यार्थियों एवं युवाओं को भी साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का आग्रह किया गया। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में यह संदेश दिया गया कि 'किसी भी लालच या कमीशन के बदले अपना बैंक खाता किसी अन्य व्यक्ति को उपयोग के लिए न दें', क्योंकि ऐसे खातों का उपयोग साइबर अपराधी धोखाधड़ी की राशि के लेन-देन में करते हैं, जिससे खाताधारक भी कानूनी कार्रवाई का सामना कर सकता है। कार्यक्रम के दौरान 'राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930' एवं 'राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। नागरिकों को बताया गया कि यदि किसी के साथ साइबर धोखाधड़ी होती है तो बिना विलंब किए तत्काल '1930' पर कॉल करें अथवा बेबसाईट पर शिकायत दर्ज करें। समय पर शिकायत दर्ज कराने से धोखाधड़ी की गई धनराशि को 'होल्ड अथवा रिकवर' किए जाने की संभावना काफी बढ़ जाती है। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि साइबर सुरक्षा को जन-आंदोलन बनाएं। स्वयं सतर्क रहें, दूसरों को भी जागरूक करें तथा किसी भी संदिग्ध साइबर गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके।

## बागेश्वर धाम सरकार शिष्य मंडली ने गुरु जी के जन्मोत्सव पर किया सुंदरकांड पाठ



### जगदीश स्वामी मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

**पवई।**

बागेश्वर धाम के पीठाधीश पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री गुरुजी के पावन जन्मोत्सव के अवसर पर शनिवार शाम नगर के जगदीश स्वामी मंदिर में श्रद्धा और भक्ति के वातावरण के बीच श्री सुंदरकांड पाठ का आयोजन संपन्न हुआ। मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु परिवार सहित पहुंचे और भगवान श्रीहनुमान की आराधना कर सुख-समृद्धि एवं मंगल की कामना की। सुंदरकांड पाठ के दौरान पूरा मंदिर परिसर जय श्रीराम और बोलो बजरंगबली की जय के जयघोषों से भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने पूरे मनोयोग से पाठ में सहभागिता की तथा अंत में सामूहिक आरती कर भगवान से क्षेत्र की खुशहाली और जनकल्याण की प्रार्थना की। कार्यक्रम का आयोजन समस्त बागेश्वर धाम शिष्यमंडल, पवई द्वारा किया गया। आयोजन में नगर के अनेक गणमान्य नागरिक, महिला-पुरुष एवं युवा श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आध्यात्मिक चेतना, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करते हैं। साथ ही शिष्य मंडली के द्वारा जन्मोत्सव पर अनेक स्थानों मे प्रसाद वितरण किया गया

## जुगुल किशोर मंदिर प्रांगण में पहली बार इस तरह का भव्य आयोजन
## भागवत कथा गुरूपूर्णिमा महोत्सव का होगा 15 जुलाई से 29 जुलाई तक

**पन्ना।**

बहेगी धर्म प्रमियों के लिए धर्म की गंगा जीवन का सार्थक दिशा मिलने के आसार तय होगें। धर्म की जड़ पाताल से लेकर जो आकाश तक प्रकाशवान होती है वह साबित होने जा रहा है। पन्ना विधायक पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह के प्रयासों के चलते जहां इस तरह का गुरूओं के दर्शन वहीं धर्मलाभ साथ ही प्रथम भगति संतन कर संगा जो राम चरित्र मानस की चौपाई में उल्लेख है वह प्रथम भक्ति सभी के लिए मिलने के आसार होगें तय। जीवन होगा कृतार्थ यह पुण्य धरा भगवान जुगुल किशोर जी मंदिर प्रांगण में कहीं न कहीं सभी के लिए यह सुखद स्वर्णिम समय।





भगवान श्री जुगुल किशोर मंदिर प्रांगण में गुरूपूर्णिमा महोत्सव श्रीमत भागवत कथा का आयोजन पन्ना की इस पुण्य धरा में यहां के धर्मप्रमियों के लिए एक सुखद संयोग हैं भगवान श्री जुगुल किशोर जी की कृपा से इस तरह का भव्य आयोजन वास्तविकता में संत समागम जो इस आयोजन में पन्ना जिला मुख्यालय में भगवान श्री जुगुल किशोर मंदिर प्रांगण में जहां संतों के दर्शन मात्र धर्मलाभ वहीं भागवत कथा गुरूपूर्णिमा महोत्सव का यह विराट धर्म की दिशा को लेकर जो ध्वजा फहरायेगी वह कहीं न कहीं हम आप सभी के लिए भविष्य के भावी समय को सुखद राह तय करेगी। हमारी राम चरित्र मानस में एक चौपाई जो हमें सदैव के लिए शिक्षा प्रद प्रथम भगति संतन कर संगा। यहां अपने आप में अभी तक हम यह मानते थे कि पूर्व मंत्री पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह जिनकी सोच विकास को लेकर है अग्रणी है पर यहां तो धर्म की दिशा को लेकर भी जो प्रयास तय किये गये वह सायद पहली बार इस तरह का आयोजन कहा जा सकता है। जिस तरह से 15 जुलाई से लेकर 29 जुलाई तक हमारे श्री जुगुल किशोर मंदिर प्रांगण में संतो का संगम जहां जिनके दर्शन दुर्लभ है ऐसे सभी संत पन्ना श्री जुगुल किशोर भगवान की कृपा से हमारे लोकप्रिय विधायक पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह के प्रयासों के चलते आम जनता के लिए यह सुखद संयोग गुरूपूर्णिमा महोत्सव में अमृत रूपी धर्म की दिशा मिलेगी। गौरतलब बात यह है कि गांव-गांव में जहां धर्म की ध्वजा की दिशा वहीं पुण्य लाभ लेने के लिए आम जनता को भी जगाया जा रहा है। उदाहरण के तौर पर ग्राम फरस्वाहा में बूथ प्रभारी कुलदीप मिश्रा जो आम जनता को स्वयं घर-घर जाकर पुण्यलाभ लेने के लिए इस आयोजन में जहां भागवत कथा के सुनने से ही कृतार्थ होना तथा संतों के दर्शन मात्र से कल्याण की दिशा तय होना अदभुत संगम यह बृहद आयोजन विराट सोच धर्मप्रेमियों के लिए स्वर्णिम समय को लेकर जाना जायेगा। इतिहास साक्षी होगा पन्ना में भी जहां इस तरह का भव्य आयोजन जो होने जा रहा है इसके लिए हमारे आयोजक के रूप में बृगेडियर ए.पी. सिंह जो सेवानिवृत्त है वहीं बृजेन्द्र प्रताप सिंह पूर्व मंत्री पन्ना विधायक तथा उनके अनुज लोकेन्द्र प्रताप सिंह के प्रयासों से यह आम जनता को धर्म लाभ मिलने के आसार हो रहे तय।

## सड़क सुरक्षा अभियान जेके सीमेंट ने नुक्कड़ नाटक से जगाई जागरूकता
## पुरैना और पगरा में उमड़ी भीड़, ग्रामीणों ने ली सुरक्षा की शपथ

**अमानगंज।**

सामाजिक सरोकारों में अग्रणी जेके सीमेंट द्वारा अपनी सीएसआर पहल के तहत क्षेत्र के 30 गांवों में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज 5 जुलाई 2026 को पुरैना और पगरा गांवों में आकर्षक नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया गया। नाटक देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण और वाहन चालक एकत्रित हुए। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों ने मनोरंजन के साथ-साथ लोगों को सड़क सुरक्षा के जरूरी नियम समझाए। नाटक में दिखाया गया कि हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट लगाना और वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग न करना कितना आवश्यक है। कलाकारों ने बताया कि चालकों की थोड़ी सी सजगता से




उनका परिवार और पूरा समाज सुरक्षित रह सकता है।कार्यक्रम के दौरान जेके सीमेंट के प्रतिनिधियों ने कहा, ष्सड़क सुरक्षा सिर्फ एक नियम नहीं, बल्कि अपनों की मुस्कान की गारंटी है। जेके सीमेंट इस अभियान के जरिए सभी 30 गांवों के हर घर तक सुरक्षा का यह सकारात्मक संदेश पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के अंत में पूरे जोश के साथ ग्रामीणों और वाहन चालकों ने श्सड़क सुरक्षा नियम पालनश की सामूहिक शपथ ली। उपस्थित लोगों ने नाटक की सराहना की और इसे जागरूकता बढ़ाने का प्रभावी माध्यम बताया। जेके सीमेंट का यह अभियान क्षेत्र के अन्य गांवों में भी चरणबद्ध तरीके से चलाया जाएगा।



## गुनौर में ग्रीन रेवोल्यूशन महानगरों की तर्ज पर हाईटेक होगा शहर का मुख्य पार्क

**गुनौर।**

नगर परिषद गुनौर अब एक नए और आधुनिक कलेवर में नजर आने वाला है। परिषद की अध्यक्ष 'श्रीमती अर्चना मलखान सिंह' के विजनरी नेतृत्व में शहरवासियों को एक ऐसी सौगात मिलने जा रही है, जिसकी चर्चा पूरे क्षेत्र में है। शहर के मुख्य पार्क को पूरी तरह से री-डेवलप कर उसे अत्याधुनिक, हाईटेक और सुपर-ग्रीन लुक देने का काम 'श्युद्ध स्तरश' पर शुरू हो चुका है। अध्यक्ष के कड़े तेवरों और निर्देशों के बाद प्रशासन की पूरी टीम इस प्रोजेक्ट को पूरा करने में दिन-रात एक कर रही है।

### जो गुनौर में पहले कभी नहीं हुआ, वो अब होगा-

यह सिर्फ एक सामान्य सौंदर्यीकरण नहीं, बल्कि गुनौर का सबसे बड़ा 'श्लाइफस्टाइल प्रोजेक्टश' बनने जा रहा है। अध्यक्ष अर्चना मलखान सिंह की सीधी देखरेख में पार्क को इन खास फीचर्स से लैस किया जा रहा है। मखमली ग्रीन कारपेटरू' पार्क के हर एक कोने को विशेष किस्म की हरी-भरी मखमली घास से ढका जा रहा है, जो यहां आने वालों को प्रकृति के मखमली अहसास का अनुभव कराएगी। ग्लोबल ग्रीनरी' पर्यावरण को पूरी तरह शुद्ध और प्रदूषण-मुक्त बनाने के लिए विदेशों और देश के कोने-कोने से लाए गए खास सजावटी व छायादार पौधे रोपे जा रहे हैं। हर उम्र के लिए खास ज़ोनरू' सुबह की ताजी हवा में योग करने वालों के लिए विशेष स्पेस, बुजुर्गों के लिए वॉकिंग ट्रैक और बच्चों के मनोरंजन के लिए सुरक्षित जोन तैयार किया जा रहा है।

### विकास ऐसा हो, जिस पर गुनौर को गर्व हो-

इस ऐतिहासिक कायाकल्प को लेकर नगर परिषद अध्यक्ष 'श्रीमती अर्चना मलखान सिंह' ने साफ और कड़े शब्दों में अपनी प्राथमिकता साझा की हमारा संकल्प सिर्फ कागजों पर नहीं, बल्कि जमीन पर विकास दिखाना है। यह पार्क गुनौर की जनता का है और इसे सुंदर-स्वच्छ रखना हमारी जिम्मेदारी है। बड़े महानगरों की तर्ज पर हमारे गुनौर के भाई-बहनों और बच्चों को भी अपने ही शहर में सुकून के पल बिताने के लिए एक वर्ल्ड-क्लास जगह मिलनी चाहिए। काम में क्वालिटी से कोई समझौता नहीं होगा, जल्द ही यह भव्य पार्क जनता को समर्पित किया जाएगा।

### जनता में भारी उत्साह-

अध्यक्ष अर्चना मलखान सिंह की इस त्वरित कार्यशैली और श्ग्रीन विजनश ने सोशल मीडिया से लेकर जमीन तक हलचल मचा दी है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि वर्षों बाद शहर के विकास को लेकर ऐसी 'श्तगड़ी और गंभीरश' पहल देखने को मिली है। इस ग्रीन प्रोजेक्ट से न सिर्फ शहर की खूबसूरती बढ़ेगी, बल्कि गुनौर का गौरव भी देश-प्रदेश में चमकेगा।

## बैंक की लापरवाही 19 जून को राशि मिलने के बाद भी तेंदूपत्ता संग्राहकों के खातों में नहीं पहुंची मजदूरी, मजदूर परेशान
## समाज सेवी अधिवक्ता सुभाष विश्वास (कुंजवन) ने बैंक प्रबंधक और जिला प्रशासन से की शीघ्र भुगतान की मांग



**पन्ना।** उत्तर वन मण्डल पन्ना के अंतर्गत प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्यादित रमखिरिया द्वारा तेंदू पत्ता संग्राहकों के पारिश्रमिक भुगतान में बैंक की बड़ी लापरवाही सामने आई है। समिति द्वारा गत 19 जून 2026 को ही कुल 24,43,700 (चौबीस लाख तेतालीस हजार सात सौ रुपये) की भारी-भरकम राशि का चेक (क्र. 000105) एचडीएफसी बैंक शाखा पन्ना को सौंप दिया गया था। बैंक द्वारा इस चेक की पावती (रिसीविंग) भी जारी की जा चुकी है, लेकिन लगभग दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी यह राशि गरीब किसान और मजदूर संग्राहकों के खातों में जमा नहीं की गई है।

**परेशान हो रहे गरीब मजदूर और किसान-** तेंदू पत्ता संग्रहण का कार्य ग्रामीण क्षेत्रों के अत्यंत गरीब आदिवासियों, किसानों और मजदूरों की आजीविका का मुख्य साधन है। कड़ी धूप और मेहनत से संग्राहकों ने वर्ष 2026 के सीजन में संग्रहण का कार्य पूरा किया था। बैंक स्तर पर राशि अटके होने के कारण सैकड़ों मजदूरों के घरों में आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। समय पर मजदूरी न मिलने से प्रभावित परिवारों में भारी आक्रोश और निराशा है।

**समाजसेवी सुभाष विश्वास ने उठाई आवाज-** इस गंभीर मामले को लेकर प्रबुद्ध समाजसेवी अधिवक्ता सुभाष विश्वास निवासी कुंजवन ने गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने बैंक प्रबंधन और जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब समिति ने 19 जून को ही विधिवत सूची (सूची क्र. 01 से 444 तक) और चेक बैंक को सौंप दिया था, तो इतने दिनों तक राशि को रोककर क्यों रखा गया है? अधिवक्ता सुभाष विश्वास निवासी कुंजवन अधिकारियों और एचडीएफसी बैंक के मुख्य प्रबंधक से मांग की है कि मामले को संज्ञान में लेकर तत्काल प्रभाव से सभी संबंधित मजदूरों के खातों में राशि ट्रांसफर कराई जाए। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि शीघ्र ही गरीब संग्राहकों का भुगतान नहीं हुआ, तो क्षेत्र के पीड़ति मजदूर और किसान उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## खबर संक्षेप

### काम्बिंग गश्त में 132 वारंटियों को दबोचा

**कटनी।** शनिवार को पुलिस ने व्यापक कांबिंग गश्त अभियान चलाते हुए अपराधियों पर बड़ी कार्रवाई की। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में हुई इस कार्रवाई के दौरान 24 स्थाई वारंटी और 52 गिरफ्तारी वारंटी सहित कुल 132 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा 56 जमानती वारंट और 60 समंस तामील किए गए। अभियान के दौरान पुलिस ने 49 गुंडों, 41 निगरानी बदमाशों और एक जिलाबदर बदमाश की भी जांच की। अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आबकारी एक्ट के तहत चार प्रकरण दर्ज किए गए। वहीं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए 35 लोगों पर बीएनएसएस की धाराओं के तहत कार्रवाई की गई तथा एक व्यक्ति के खिलाफ धारा 170 बीएनएसएस के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। रात्रि गश्त के दौरान पुलिस ने 60 मुसाफिरों का सत्यापन भी किया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अपराधियों और वारंटियों के खिलाफ ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के आवेदन हेतु 31 जुलाई तक खुला पोर्टल

**कटनी।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2025-26 के विद्यार्थियों को एक और अवसर प्रदान किया गया है। ऐसे विद्यार्थी जो किसी कारणवश पूर्व में नवीन या नवीनीकरण आवेदन करने से वंचित रह गए थे, वे अब 31 जुलाई 2026 तक आवेदन कर सकेंगे। सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कटनी ने बताया कि नवीन या नवीनीकरण आवेदन करने से वंचित रह गए छात्रों के लिए एमपीटास पोर्टल को पुनः खोला गया है।

# जीएसटी की सख्ती शुरू, डिस्ट्रीब्यूटर पर कार्रवाई के बाद कई और फर्म निशाने पर

**छतरपुर।**

केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) विभाग की एक विशेष टीम ने शहर में डेरा डाल दिया है। सूत्रों के अनुसार टीम की निगाह शहर के कई बड़े और प्रतिष्ठित व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर है, जहां आने वाले दिनों में जांच और छापामार कार्रवाई की जा सकती है। जानकारी के मुताबिक, टीम गोपनीय तरीके से सूचनाएं एकत्र कर संभावित कर अनियमितताओं और जीएसटी नियमों के पालन की जांच में जुटी हुई है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए केंद्रीय जीएसटी के अधिकारी फिलहाल किसी भी प्रकार की आधिकारिक पुष्टि या जानकारी देने से बच रहे हैं। शहर के व्यापारिक जगत में केंद्रीय टीम की मौजूदगी को लेकर चर्चाओं का दौर तेज है। कई व्यापारी संभावित कार्रवाई की आशंका के चलते अपने दस्तावेजों और कर अभिलेखों को दुरुस्त करने में जुटे बताए जा रहे हैं। हालांकि, विभाग की ओर से अभी तक किसी प्रतिष्ठान पर कार्रवाई की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।



**नारायणपुरा मार्ग पर एक्साइज केयर के गोदाम पर जांच शुरू -**

जीएसटी टीम की इस गोपनीय मुहिम के तहत शनिवार को एक बड़ी कार्रवाई देखने को मिली। सेंट्रल जीएसटी की टीम ने शहर के नारायणपुरा मार्ग पर स्थित स्टार गार्डन के पास एक्साइज केयर डिस्ट्रीब्यूटर के गोदाम पर औचक दबिश दी। टीम के पहुंचते ही पूरे इलाके के व्यापारियों में हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने गोदाम को अपने घेरे में लेकर वहां रखे स्टॉक, खरीद-बिक्री के दस्तावेजों और बिलों की सघन जांच शुरू कर दी है।

इस हाई-प्रोफाइल छापे को लेकर बाजार में कयासों का बाजार गर्म है। विभागीय सूत्रों की मानें तो इस डिस्ट्रीब्यूटर फर्म के दस्तावेजों की जांच के बाद लाखों रुपये की माल एवं सेवा कर की बड़ी चोरी उजागर हो सकती है। टीम के अधिकारी बारीकी से स्टॉक मिलान और इनपुट टैक्स क्रेडिट से जुड़े कागजातों को खंगाल रहे हैं। कयास लगाए जा रहे हैं कि इस जांच का दायरा शहर के कुछ अन्य बड़े फर्मों तक भी पहुंच सकता है। फिलहाल, गोदाम पर जांच की कार्रवाई निरंतर जारी है।



## मोटर पंप चलाते समय करंट लगने से किसान की मौत, तीन बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

**ईशानगर।** ईशानगर निवासी 40 वर्षीय किसान परसराम कुशवाहा की रविवार सुबह मोटर पंप चलाने के दौरान करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक अपने पीछे दो बेटे, एक बेटी और पत्नी सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह करीब 6 बजे परसराम कुशवाहा खेत में पानी निकालने के लिए मोटर पंप चालू कर रहे थे। इसी दौरान अचानक मोटर में करंट उतर आने से वे उसकी चपेट में आ गए। करंट लगने से उनकी हालत गंभीर हो गई। परिजन तत्काल उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां सुबह करीब 8 बजे चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

घटना की खबर मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों में शोक व्याप्त हो गया। मृतक की असमय मौत से तीन मासूम बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया है। परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों ने विद्युत उपकरणों के उपयोग में सुरक्षा मानकों का पालन करने और संबंधित विभाग से बिजली व्यवस्था की नियमित जांच कराने की मांग की है।

## 10 साल पुराने दुष्कर्म मामले का फरार वारंटी गिरफ्तार



**छतरपुर।** पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में जिले में पुराने लंबित आपराधिक मामलों के फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे जिला स्तरीय न्याय पथ अभियान के तहत लवकुशनगर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस ने वर्ष 2016 के दुष्कर्म प्रकरण में पिछले 10 वर्षों से फरार चल रहे वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

पुलिस के अनुसार थाना लवकुशनगर अंतर्गत दर्ज दुष्कर्म के पुराने मामले में आरोपी विष्णु साकेत उर्फ पंडा पिता सुवाराम शर्मा, निवासी मझगवां, जिला सतना लंबे समय से फरार था। लगातार की जा रही तलाश के बाद पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर विधिवत कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया। यह कार्रवाई एसडीओपी लवकुशनगर नवीन दुबे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अजय अंबे के नेतृत्व में की गई। कार्रवाई में प्रधान आरक्षक ओमपाल सिंह, दीपक चतुर्वेदी तथा आरक्षक विकास, बलराम और चंदन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## बेटे की मौत पर एफआईआर को लेकर सिविल लाइन थाने के बाहर धरने पर बैठे सब-इंस्पेक्टर

**छतरपुर।** छतरपुर के सिविल लाइन थाने के बाहर पुलिस विभाग के ही एक सब-इंस्पेक्टर (एसआई) द्वारा धरना दिए जाने का एक बेहद संवेदनशील मामला सामने आया है। दरअसल, एक सड़क हादसे में अपने बेटे को खोने वाले सब-इंस्पेक्टर न्याय की मांग को लेकर थाने के बाहर धरने पर बैठ गए हैं। आरोप है कि घटना के कई दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस द्वारा इस मामले में अब तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई है, जिससे व्यथित होकर उन्हें यह कदम उठाना पड़ा।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम चंदेली निवासी महेन्द्र सिंह गौड़ (30) की बीती 19 तारीख की देर रात सागर रोड पर हुए एक सड़क हादसे में मौत हो गई थी। बताया गया कि सागर रोड की ओर से आ रहे एक ट्रक और कार की आपस में टक्कर हो गई थी, जिसकी चपेट में आने के कारण महेन्द्र ट्रक के नीचे दब गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे में बाइक पर उनके साथ सवार वीरेंद्र (19), पिता अज्जूदी गौड़, निवासी चंदुली भी गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिनका अस्पताल में उपचार कराया गया। धरने पर बैठे सब-इंस्पेक्टर मथुरा प्रसाद गौड़ ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया है कि दुर्घटना में शामिल कार को तो पुलिस ने जब्त कर लिया, लेकिन घटना से जुड़े ट्रक को पकडऩे के बाद भी छोड़ दिया गया। उन्होंने कहा कि वे अपने बेटे की मौत के मामले में प्रकरण दर्ज कराने के लिए लगातार संबंधित थाने के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि यदि पुलिस विभाग के एक अधिकारी को ही अपने बेटे की मौत पर न्याय के लिए धरना देना पड़ रहा है, तो आम नागरिकों की स्थिति का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। परिजनों का कहना है कि जब तक एफआईआर दर्ज कर दोषियों पर कार्रवाई नहीं होती, धरना जारी रहेगा।

**पुलिस प्रशासन का पक्षः**

इस पूरे मामले में पुलिस प्रशासन ने भी अपना पक्ष रखते हुए स्पष्टीकरण दिया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी आशुतोष श्रोत्रिय का कहना है कि पुलिस मामले को लेकर पूरी तरह गंभीर है। उन्होंने बताया कि मृतक के परिवारजनों की मांग थी कि घटना के समय वहां से निकले अन्य वाहनों पर भी एफआईआर दर्ज की जाए। चूंकि मामला दुर्घटना से जुड़े अन्य वाहनों की भूमिका से जुड़ा है, इसलिए पुलिस द्वारा इस बिंदु पर बारीकी से जांच की जा रही है। थाना प्रभारी ने आश्वस्त किया है कि इस विस्तृत जांच के उपरांत जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके अनुसार तत्काल विधि सम्मत और वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# खेत में बुवाई को लेकर दो पक्षों में विवाद, लाठी-डंडे चले, कई घायल

**छतरपुर।** ओरछा रोड थाना क्षेत्र के ग्राम कैडी में रविवार दोपहर करीब 12 बजे खेत में बुवाई को लेकर एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में लाठी-डंडे चल गए, जिससे कई लोग घायल हो गए। घायलों का उपचार जिला अस्पताल में कराया गया, जबकि दोनों पक्षों ने ओरछा रोड थाने में एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।



पहले पक्ष के अनुसार, भजनलाल कुशवाहा (40), उनके पिता बिहारी कुशवाहा (70) तथा बाबू कुशवाहा (29) सहित परिवार के सदस्य खेत में बुवाई कर रहे थे। आरोप है कि उसी दौरान परिवार के ही गोविंददास, तुलसीदास, कमलेश तथा तीन अन्य लोग वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिसमें परिवार के करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। पुलिस ने तीन गंभीर घायलों का मेडिकल जिला अस्पताल में कराया है।

वहीं दूसरे पक्ष के गोविंददास कुशवाहा ने बताया कि वह किराए का ट्रैक्टर लेकर खेत में बुवाई कराने पहुंचे थे। उनका कहना है कि पहले भतीजे ने खेत जुताई कराने की बात कही, जिसे उन्होंने मान लिया। बाद में जब उन्होंने अपनी बुवाई शुरू कराई तो भतीजा गाली-गलौज करने लगा और तीनों भतीजों नंदू कुशवाहा, बाबूलाल कुशवाहा तथा भजन कुशवाहा ने उनके एवं उनकी पत्नी भगुन्ती कुशवाहा के साथ लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। इसके बाद उन्होंने ओरछा रोड थाने में शिकायत दर्ज कराई और उपचार के लिए अस्पताल पहुंचे। ओरछा रोड थाना पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## परिहार क्रेशर की तलैया में मिला युवक का शव, दो दिन से था लापता

**छतरपुर। शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत परिहार क्रेशर के पास स्थित तलैया में मछली पकडऩे गए 35 वर्षीय युवक का शव रविवार सुबह पानी में तैरता मिला। मृतक की पहचान तेजलाल भाट (35) पिता रामशरण भाट निवासी बच्चा जेल के पास, छतरपुर (मूल निवासी बड़ी देवी, जिला पन्ना) के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल भिजवाया, जहां पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है।**



मृतक के साले पंचू भाट ने बताया कि तेजलाल भाट 3 तारीख को परिहार क्रेशर के पास बनी तलैया में मछली पकडऩे गया था, लेकिन इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटा। दो दिनों तक परिजनों ने अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिलने पर मामले की सूचना सिविल लाइन थाना पुलिस को दी गई। परिजनों ने पुलिस को बताया कि युवक को आखिरी बार तलैया के आसपास ही देखा गया था।

सूचना के आधार पर सिविल लाइन पुलिस एवं एसडीआरएफ की टीम ने तलैया में करीब चार घंटे तक रेस्क्यू अभियान चलाया, लेकिन पहले दिन सफलता नहीं मिल सकी। इसके बाद रविवार सुबह करीब 11 बजे युवक का शव पानी में तैरता दिखाई दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

## बड़ामलहरा में साइबर जागरूकता दौड़ आयोजित, युवाओं और छात्रों को दिए ऑनलाइन सुरक्षा के गुर

**बड़ामलहरा।** मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के निर्देशन में 24 जून से 8 जुलाई तक चलाए जा रहे सेफ क्लिक 2.0 साइबर जागरूकता अभियान के तहत बड़ामलहरा में जागरूकता दौड़ का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम छतरपुर पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदित्य पटले के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ।




कार्यक्रम का नेतृत्व एसडीओपी बड़ामलहरा रोहित अलावा एवं थाना प्रभारी अरविंद सिंह दांगी ने किया। जागरूकता दौड़ में स्थानीय क्रिकेट एवं वॉलीबॉल खिलाड़ियों के साथ बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दौड़ बस स्टैंड से प्रारंभ होकर स्टेडियम तक निकाली गई, जिसका उद्देश्य नागरिकों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर एसडीओपी रोहित अलावा ने उपस्थित युवाओं और विद्यार्थियों को साइबर ठगी से बचाव के उपाय बताए। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होने पर तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, साइबर क्राइम पोर्टल तथा निकटतम पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करानी चाहिए। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से सतर्क रहकर सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने और संदिग्ध कॉल, लिंक व संदेशों से बचने की अपील की।

## 17 साल पुराने चार चोरी के मामलों का 32 हजार का इनामी वारंटी गिरफ्तार



**छतरपुर।** पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में पुराने लंबित आपराधिक मामलों के फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे जिला स्तरीय न्याय पथ अभियान के तहत थाना सिविल लाइन पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने वर्ष 2009 के एक तथा वर्ष 2010 के तीन, कुल चार घरों में चोरी के मामलों में पिछले 16 और 17 वर्षों से फरार चल रहे 32 हजार रुपये के इनामी वारंटी को उत्तर प्रदेश के महोबा जिले से गिरफ्तार किया है।पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी दीपू उर्फ दीपक उर्फ दिलीप नायक पिता रामनिरंजन नायक, निवासी ग्राम नटर्रा, थाना चरखारी, जिला महोबा (उत्तर प्रदेश) को उसके गांव से गिरफ्तार किया गया। आरोपी लंबे समय से फरार था और उसके विरुद्ध न्यायालय द्वारा वारंट जारी था।

पुलिस ने बताया कि आरोपी आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ महोबा जिले के थाना चरखारी में हत्या, थाना पनवाड़ी में हत्या के प्रयास, चोरी तथा गैंगस्टर एक्ट सहित तथा छतरपुर जिले के थाना कोतवाली, सिविल लाइन, बमीठा और राजनगर में चोरी, लूट एवं अवैध हथियारों से जुड़े कुल 14 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को विधिवत न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्रवाई में नगर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सोनी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिविल लाइन निरीक्षक आशुतोष श्रोत्रिय, प्रधान आरक्षक राजू वर्मा, आरक्षक धीरेंद्र राजावत, हरेंद्र एवं पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## खैरो गांव में युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

**छतरपुर।** मातगुवा थाना क्षेत्र के ग्राम खैरो में एक 23 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान लक्ष्मी विश्वकर्मा पुत्री रामस्वरूप विश्वकर्मा के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजन उसे तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस परिजनों एवं आसपास के लोगों से पूछताछ कर घटना के सभी पहलुओं की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**सात दिवसीय प्रशिक्षण के चौथे दिन बड़ा तालाब में हुआ अभ्यास**

## तालाब में उतरे सिविल डिफेंस वालंटियर्स, सीखा जल बचाव और मलबे में फंसे लोगों को सुरक्षित निकालना

**छतरपुर।** पुलिस लाइन चौराहा स्थित ह्यूज नीट कोचिंग के सभाकक्ष एवं चौपाटी बड़ा तालाब में आयोजित सात दिवसीय सिविल डिफेंस क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण के चौथे दिन प्रतिभागियों को आपदा राहत एवं बचाव कार्यों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। बड़ा तालाब में एसडीआरएफ, होमगार्ड और आपदा मित्रों ने जल बचाव का प्रदर्शन कर वालंटियर्स को वास्तविक परिस्थितियों में राहत एवं बचाव कार्यों की जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान नाव के माध्यम से जल बचाव, डूबे व्यक्ति एवं शव को सुरक्षित बाहर निकालने की प्रक्रिया, जीवन रक्षक जैकेट के सही उपयोग तथा बचाव उपकरणों के संचालन का अभ्यास कराया गया।

एसडीआरएफ के जवानों ने पानी में उतरकर बचाव अभियान का प्रदर्शन किया। साथ ही रस्सियों और अन्य बचाव उपकरणों के उपयोग की तकनीक भी समझाई गई।



प्लाटून कमांडर विनीत तिवारी ने बचाव सेवाओं के संगठन, बचाव दल, उपकरणों और क्षतिग्रस्त स्थान पर अपनाई जाने वाली कार्यप्रणाली की जानकारी दी। एसडीआरएफ के राकेश पाल एवं विनोद बुनकर ने भवन ढहने की स्थिति, सर्वेक्षण के महत्व, बचाव के पांच चरण तथा क्षतिग्रस्त इमारत में प्रवेश से पहले बरती जाने वाली सावधानियों पर प्रशिक्षण दिया। होमगार्ड के पुरुषोत्तम तिवारी एवं मास्टर ट्रेनर आपदा मित्र नीलेश तिवारी ने क्षतिग्रस्त संरचनाओं में खोज एवं बचाव की तकनीक, अंतरराष्ट्रीय खोज एवं बचाव दिशा-निर्देश, शहरी खोज एवं बचाव दल तथा घायलों के प्राथमिक श्रेणी निर्धारण की जानकारी दी। एसडीआरएफ के अमन बामनोरिया एवं मास्टर ट्रेनर शिवम मिश्रा ने सहारा प्रणाली, सीमित स्थानों में बचाव, छोटे उपकरणों के उपयोग और सुरक्षा उपायों पर प्रशिक्षण दिया। समापन सत्र में प्लाटून कमांडर विनीत तिवारी ने मलबा हटाने और आपातकालीन बचाव की विधियों का अभ्यास कराया। प्रशिक्षणार्थी शिवानी पटेल ने बताया कि जल बचाव अभ्यास से नाव संचालन, जीवन रक्षक जैकेट के उपयोग और सुरक्षित बचाव की तकनीक सीखने का अवसर मिला। सृष्टि पटेल ने कहा कि जल बचाव में सबसे पहले स्वयं की सुरक्षा सुनिश्चित करना आवश्यक है। प्रशिक्षण से पानी में सुरक्षित तरीके से उतरने और बचाव उपकरणों का सही उपयोग करने का व्यावहारिक अनुभव मिला। प्रशिक्षण में बड़ी संख्या में सिविल डिफेंस वालंटियर्स उपस्थित रहे।

## जिला अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं को निरंतर बेहतर किया जा रहा है - उप मुख्यमंत्री

# डिप्टी सीएम ने जिला अस्पताल में चार कार्यों का किया लोकार्पण

रीवा।

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कुशाभाऊ ठाकरे जिला चिकित्सालय रीवा में चार विभिन्न कार्यों का लोकार्पण किया। उप मुख्यमंत्री ने यूनिसेफ के सहयोग से नवनिर्मित मातृ-नवजात शिशु देखभाल यूनिट का लोकार्पण किया। इसमें जन्म के समय गंभीर रोग से ग्रस्त शिशुओं तथा उनकी माताओं को भर्ती करके उपचार की सुविधा दी जाएगी। इसके बाद उप मुख्यमंत्री ने गर्भ संस्कार यूनिट का लोकार्पण किया। इसमें गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जाँच के साथ-साथ उन्हें योग, ध्यान, संगीत, चिकित्सा तथा सात्विक पौष्टिक आहार के संबंध में सलाह दी जाएगी। उप मुख्यमंत्री ने जिला चिकित्सालय में ही आदर्श टीकाकरण केन्द्र का शुभारंभ किया। इसमें शिशुओं को सभी प्रमुख रोगों से बचाव के टीके लगाने की व्यवस्था की गई है। इसके बाद उप मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय वृद्धजन देखभाल कार्यक्रम के तहत नवनिर्मित फिजियोथेरेपी यूनिट का शुभारंभ किया। इसमें फिजियोथेरेपी की सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा में स्वास्थ्य सुविधाओं में तेजी से विकास हुआ है। जिला चिकित्सालय की स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। शीघ्र ही इसमें नवीन ओपीडी भवन तथा अस्पताल के विस्तार से जुड़े निर्माण कार्यों को पूरा कराकर अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। यूनिसेफ के सहयोग से आज जिन इकाईयों का शुभारंभ किया जा रहा है उनसे गर्भवती महिलाओं की देखभाल और



शिशुओं की स्वास्थ्य रक्षा में हमें सफलता मिलेगी। मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर को नियंत्रित किया जा सकेगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों तक स्वास्थ्य सुविधाओं का तेजी से विस्तार किया जाएगा। इसके लिए डॉक्टरों तथा चिकित्साकर्मियों की भर्ती के साथ-साथ आवश्यक उपकरणों की भी व्यवस्था की जा रही है। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. प्रतिभा मिश्रा ने जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं की जानकारी दी। प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. बीनू सिंह ने गर्भ संस्कार कक्ष के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यत्नेश त्रिपाठी, यूनिसेफ के राज्य चीफ विलियम हैनलोन, डॉ. प्रशांत कुमार, अनिल गुलाटी, डॉ. केबी गौतम, डॉ. केके तिवारी, डॉ.



आलोक दुबे तथा चिकित्साकर्मी उपस्थित रहे।

**संस्कृत विश्वविद्यालय भवन निर्माण का लिया जायजा**

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा में निर्माणाधीन महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय के परिसर भवन के निर्माण का जायजा लिया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि विन्ध्य क्षेत्र परंपरागत रूप से संस्कृत विद्या का केन्द्र रहा है। यहाँ कई गांवों में संस्कृत विद्यालय अभी भी संचालित हो रहे हैं। संस्कृत देवभाषा होने के साथ-साथ प्राचीन ज्ञान, विज्ञान और सनातन की भाषा है। विश्वविद्यालय परिसर का निर्माण होने से रीवा संस्कृत भाषा के केन्द्र के रूप में अपनी पहचान बनाएगा। उप मुख्यमंत्री ने इंजीनियरों तथा निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों को निर्माण कार्यों के संबंध में निर्देश दिए। निरीक्षण के समय संबंधित अधिकारी तथा निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## एड राजीव सिंह परिहार ने थर्ड आई फॉर जस्टिस संगठन की शुरुआत, सैकड़ों समर्थकों की मौजूदगी में संगठन का गठन, जल्द घोषित होगी जिला कार्यकारिणी



**रीवा।** सामाजिक सरोकारों को केंद्र में रखते हुए अधिवक्ता राजीव सिंह परिहार (शेरा सिंह) ने अपने सैकड़ों समर्थकों एवं साथियों के साथ थर्ड आई फॉर जस्टिस नामक सामाजिक संगठन की औपचारिक शुरुआत की। संगठन के शुभारंभ के दौरान बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, युवा और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर संगठन के उद्देश्य, कार्यप्रणाली और आगामी योजनाओं की जानकारी भी साझा की गई। एडवोकेट राजीव सिंह परिहार ने कहा कि थर्ड आई फॉर जस्टिस का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय और उसकी आवाज़ को पहुंचाना है। संगठन आमजन की समस्याओं को संबंधित विभागों और प्रशासन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के साथ-साथ उनके त्वरित एवं पारदर्शी निराकरण के लिए कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार, प्रशासनिक अनियमितताओं और जनहित से जुड़े मुद्दों पर संगठन पूरी मजबूती से अपनी भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि संगठन किसी राजनीतिक विचारधारा से प्रेरित होकर नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व और जनसेवा की भावना से कार्य करेगा। शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सुरक्षा, युवाओं के अधिकार, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक न्याय और शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन जैसे विषय संगठन की प्राथमिकताओं में शामिल रहेंगे। इसके अलावा जरूरतमंद और वंचित वर्ग के लोगों को कानूनी सहायता उपलब्ध कराने तथा उनके अधिकारों के संरक्षण के लिए भी संगठन विशेष अभियान चलाएगा।कार्यक्रम में उपस्थित समर्थकों ने संगठन के उद्देश्यों का समर्थन करते हुए समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

## जमीनी विवाद में पिता-पुत्र पर जानलेवा हमला, 60 वर्षीय पिता के हाथ-पैर फ्रैक्चर

**रीवा।** जिले के सिरमौर थाना क्षेत्र अंतर्गत दुलहरा गांव में रविवार सुबह जमीनी विवाद को लेकर पिता-पुत्र पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि चचेरे भाइयों ने पहले युवक को घेरकर लाठी और तलवार से हमला किया। बेटे को बचाने पहुंचे 60 वर्षीय पिता को भी बेरहमी से पीटा गया, जिससे उनके हाथ और पैर में फ्रैक्चर हो गया। दोनों घायलों का उपचार संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय में जारी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दुलहरा निवासी राजेश कुमार पाण्डेय अपने मकान की दीवार का निर्माण करा रहे थे। इसी निर्माण कार्य को लेकर एक दिन पहले परिजनों के बीच विवाद और कहासुनी हुई थी। रविवार सुबह राजेश गांव में गुटखा खरीदने के लिए निकले थे। आरोप है कि इसी दौरान उनके चचेरे भाइयों ने रास्ते में उन्हें रोक लिया और घर के समीप ले जाकर लाठी एवं तलवार से हमला कर दिया। राजेश के शोर मचाने पर उनके पिता शिवकुमार पाण्डेय (60) मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव का प्रयास किया। आरोप है कि हमलावरों ने उन पर भी लाठियों से हमला कर दिया। मारपीट में शिवकुमार के एक हाथ और एक पैर में गंभीर चोटें आईं, जिन्हें चिकित्सकों ने फ्रैक्चर बताया है। वहीं राजेश को भी शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोटें लगी हैं। घटना के बाद परिजन दोनों घायलों को तत्काल संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय, रीवा लेकर पहुंचे, जहां उनका उपचार जारी है। सूचना मिलने पर सिरमौर थाना पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर घायलों के बयान दर्ज किए। प्रारंभिक जांच में घटना का कारण पुराना जमीनी विवाद सामने आया है।

**रीवा अस्पताल में 'इलाज' महंगा, इंसानियत सस्ती!**

## चिपचिपाती गर्मी में पंखे बिना तड़पते परिजन, बड़े-बड़े दावे निकले खोखले

**रीवा।** हॉस्पिटल में गर्मी से बेहाल परिजन! मोटी फीस के बावजूद पंखे तक की व्यवस्था नहीं, दावों की खुली पोल? प्रशासन की निगरानी पर भी सवाल रीवा की उमस भरी और चिपचिपाती गर्मी के बीच अस्पताल में भर्ती मरीजों के परिजन भारी परेशानी झेलने को मजबूर हैं। सामने आई तस्वीरों में कई परिजन बिना पंखे के कुर्सियों पर बैठे हाथ से हवा करते नजर आ रहे हैं। आरोप है कि अस्पताल इलाज के नाम पर मोटी रकम वसूल रहा है, लेकिन परिजनों के लिए बुनियादी सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं करा पा रहा।परिजनों का कहना है कि मरीज के साथ किसी एक व्यक्ति को लगातार बैठने की अनुमति नहीं दी जाती। ऐसे में बाहर इंतजार कर रहे लोगों के लिए पर्याप्त पंखे, बैठने और राहत की व्यवस्था होनी चाहिए, लेकिन हालात इसके उलट दिखाई दे रहे हैं।मौके पर लगे कुछ पंखे भी कथित तौर पर बंद मिले। परिजनों का दावा है कि जब उन्होंने उन्हें चालू कराने की बात कही तो प्रबंधन की ओर से बताया गया कि पंखे खराब हैं। सवाल उठता है कि भीषण गर्मी में यदि पंखे ही बंद पड़े हों तो मरीजों के परिजनों की परेशानी की जिम्मेदारी कौन लेगा?रीवा हॉस्पिटल अपनी व्यवस्थाओं को



लेकर बड़े-बड़े दावे करता है, लेकिन सामने आई तस्वीरें और परिजनों के आरोप उन दावों पर सवाल खड़े करते नजर आ रहे हैं। यदि अस्पताल इलाज के लिए शुल्क ले रहा है, तो क्या परिजनों के लिए न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराना उसकी जिम्मेदारी नहीं है?इसके साथ ही जिला प्रशासन की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं। यदि परिजनों के बताए अनुसार अस्पताल में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है, तो क्या संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित निरीक्षण किया जा रहा है? क्या ऐसी व्यवस्थाओं की समय-समय पर समीक्षा हो रही है? यह ऐसे प्रश्न हैं जिनका जवाब जनता जानना चाहती है।अब निगाहें जिला प्रशासन और कलेक्टर रीवा पर भी हैं। आमजन अपेक्षा कर रहे हैं कि मामले का निष्पक्ष संज्ञान लेकर अस्पताल की व्यवस्थाओं की जांच कराई जाए। यदि शिकायतें सही पाई जाती हैं, तो आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि मरीजों और उनके परिजनों को भीषण गर्मी में इस तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।यदि अस्पताल प्रबंधन या जिला प्रशासन इस मामले पर अपना पक्ष जारी करता है, तो उसे भी प्रमुखता से प्रकाशित किया जाना चाहिए।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, महिला की शिकायत पर आरोपी गिरफ्तार



**रीवा।** जिले के सिरमौर थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर एक महिला के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने तत्काल प्रकरण दर्ज करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, पीड़िता ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि सिरमौर क्षेत्र निवासी अनीस कोल उर्फ डॉक्टर ने उससे विवाह करने का भरोसा दिलाया। आरोप है कि शादी का वादा कर आरोपी ने लंबे समय तक उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। बाद में जब महिला ने विवाह करने की बात कही तो आरोपी ने शादी से साफ इंकार कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने शुरुआत से ही विवाह का झूठा आश्वासन देकर उसका विश्वास जीता और उसी का लाभ उठाकर उसका शारीरिक शोषण किया। जब उसे यह एहसास हुआ कि आरोपी विवाह करने के इरादे में नहीं है, तब उसने न्याय के लिए पुलिस की शरण ली। शिकायत मिलते ही सिरमौर थाना पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए महिला के बयान दर्ज किए और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर आरोपी के विरुद्ध दुष्कर्म सहित संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी अनीस कोल उर्फ डॉक्टर को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी को विधि अनुसार गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है, मामले की विवेचना जारी है और जांच के दौरान सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## पेट्रोल में एथेनॉल की मिलावट आम उपभोक्ताओं के साथ ठगी और संगठित लूट : अजय खरे

### मोदी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि पेट्रोल में एथेनॉल प्रयोग है फिर करोड़ों लोगों के साथ क्रूर खिलवाड़ क्यों ?

**रीवा ।** समता सम्पर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे ने कहा कि आम उपभोक्ताओं को विश्वास में लिए बिना पेट्रोल में एथेनॉल मिलाकर बेचना सरासर धोखाधड़ी और संगठित लूट है। श्री खरे ने कहा कि तरल ईंधन में मिलावटखोरी से देश के करोड़ों वाहनों की कार्य क्षमता प्रभावित होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। जब मोदी सरकार सुप्रीम कोर्ट में खुद कह रही है कि यह प्रयोग है और इसके परिणाम अगले वर्ष तक आएंगे ऐसी स्थिति में अभी इसे कैसे विश्वसनीय माना जा सकता है। श्री खरे ने कहा कि कोई भी प्रयोग आम लोगों पर उस समय तक लागू नहीं किया जाता जब तक वह कसौटी पर खरा नहीं उतरता है। श्री खरे ने कहा कि अच्छे खासे मोटर वाहनों को 15 साल में यह कहकर बाहर कर दिया जाता है कि अब उसकी उम्र पूरी हो गई है। अच्छे इंजन और बाडी को भी नजर अंदाज कर दिया जाता है। बाजार में नई गाड़ियों की खपत बढ़ाने के लिए ऐसे नियम बनाए गए हैं। श्री खरे ने बताया कि पेट्रोल में एथेनॉल मिलाने के नाम पर आम उपभोक्ता को भ्रमित किया जा रहा है। यह प्रचारित किया गया कि एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल के कारण वाहन ईंधन खर्च काफी कम हो जाएगा। उसकी कार्यक्षमता और माइलेज भी बढ़ेगा। श्री खरे ने कहा कि भारत में अधिकांश लोगों की यह क्षमता नहीं है कि वह बार-बार गाड़ियां बदल सके और नई गाड़ियां खरीद सके। बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं जो इस्तेमाल की गाड़ियों को ही खरीदते हैं। भारत जैसे विकासशील देश में आम आदमी का जीवन भी चूहों बिल्लियों की तरह बना दिया है। यहां लंबे समय तक दवाइयों के प्रयोग चलते रहते हैं। विदेश में प्रतिबंधित दवाइयां भी भारत में लंबे समय तक इस्तेमाल की जाती हैं। भारत में कोरोना का पहला टीका (इंजेक्शन) दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान में कार्यरत सफाईकर्मी मनीष कुमार को लगाया गया था. यह ऐतिहासिक टीकाकरण अभियान 16 जनवरी 2021 को शुरू हुआ था। इसके बाद देशव्यापी टीकाकरण को लेकर अभी तक आम सर्वेक्षण नहीं किया गया। स्वास्थ्य संबंधी शिकायतों को लगातार अनदेखा किया गया। श्री खरे ने कहा कि देश की सर्वोच्च अदालत में मोदी सरकार ने जिस तरह से पेट्रोल में एथेनॉल मिलने की बात को एक प्रयोग के रूप में स्वीकार किया है ऐसी स्थिति में उस पर तुरंत पाबंदी लगाई जानी चाहिए। कोई भी प्रयोग चाहे वह मनुष्य पर हो या संसाधनों पर बड़े पैमाने पर मंजूर नहीं किया जा सकता है। किसी भी प्रयोग का दायरा सीमित रखा जाता है और इस बात का ध्यान दिया जाता है कि इसका विपरीत असर आम लोगों पर नहीं हो। देश में करोड़ों की संख्या में वाहन सड़कों पर हैं। कुछ जानकार लोगों का दावा है कि एथेनॉल की मिलावट के चलते पेट्रोल गाड़ियों की माइलेज क्षमता में 30 प्रतिशत की कमी आ सकती है। माइलेज क्षमता का कम होने का मतलब इससे गाड़ी का इंजन भी प्रभावित होगा। सरकार में बैठे लोग मुनाफा कमाने में लगे हुए हैं और आम जनता को पेट्रोल का विकल्प देने के नाम पर गुमराह कर रहे हैं। लोकतंत्र सेनानी श्री खरे ने सवाल किया किआखिरकार एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल का प्रयोग केंद्रीय मंत्रिमंडल के सदस्यों की निजी उपयोग की गाड़ियों में क्यों नहीं किया जा रहा है ? एक साल तक लगातार इन गाड़ियों में एथेनॉल का प्रयोग करके उसकी कार्य क्षमता का पता लगाया जाना चाहिए। इससे आम जनता के साथ किसी तरह का क्रूर खिलवाड़ नहीं हो पाएगा। यदि प्रयोग पूरी तरह सफल रहता है तो इसे भी पेट्रोल पंप में बेचने की अनुमति दी जा सकती है। लेकिन एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल के लिए किसी को बाध्य नहीं किया जाना चाहिए। पेट्रोल पंप में एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल के बारे में उसी तरह लिखा जाना चाहिए जिस तरह अभी पेट्रोल और डीजल के बारे में जानकारी लिखी होती है। अधिक मुनाफा कमाने के लिए पेट्रोल में एथेनॉल उसी तरह मिलाया जा रहा है जिस तरह दूध में पानी मिलाया जाता है। जब दूध में पानी अधिक मिला दिया जाता है तो लोग पूछ बैठते हैं कि दूध में पानी नहीं बल्कि पानी में दूध है।

## पीने के पानी का दुरुपयोग पडेगा भारी मवेशियों को नहलाने पर लगेगा जुर्माना

रीवा।

ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की बर्बादी रोकने के लिए सरकार ने सख्त कदम उठाए हैं। अब नल-जल योजना के तहत मिलने वाले पीने के पानी से गाय, भैंस या अन्य मवेशियों को नहलाने, वाहन धोने अथवा अन्य गैर-जरूरी कार्यों में पानी का उपयोग करने पर संबंधित उपभोक्ता के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पहली बार नियम तोड़ने पर आर्थिक दंड लगाया जाएगा, जबकि बार-बार उल्लंघन करने पर नल कनेक्शन तक काटा जा सकेगा। नई व्यवस्था के तहत ग्राम पंचायतों की जल एवं स्वच्छता समितियों को निगरानी और कार्रवाई के व्यापक अधिकार दिए गए हैं। पंचायतें जलकर की वसूली, जुर्माना लगाने और लगातार नियमों की अनदेखी करने वाले उपभोक्ताओं का कनेक्शन बंद करने भका निर्णय ले सकेंगी। साथ ही हर माह जलकर की वसूली का विवरण पंचायत पोर्टल पर दर्ज करना अनिवार्य होगा। सरकार का उद्देश्य गर्मी के मौसम में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना और पानी की अनावश्यक बर्बादी पर रोक लगाना है। इसके लिए घरेलू उपभोक्ताओं को निर्धारित समय पर जलकर जमा करना होगा। लगातार तीन महीने तक जलकर नहीं भरने वालों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नए नियमों के अनुसार पंचायतें नल-जल योजना के संचालन, पाइपलाइन की मरम्मत, पंप संचालन और रखरखाव पर विशेष ध्यान देंगी, ताकि प्रत्येक घर तक नियमित रूप से स्वच्छ पेयजल पहुंचाया जा सके।

## पहाड़ा न सुना पाने पर 11 वर्षीय छात्रा की बेरहमी से पिटाई ट्यूशन शिक्षिका और पति पर आरोप

**रीवा।** शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में ट्यूशन पढ़ने गई 11 वर्षीय छात्रा के साथ कथित मारपीट का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि छठवीं कक्षा में पढ़ने वाली छात्रा पहाड़ा नहीं सुना सकी, जिससे नाराज ट्यूशन शिक्षिका ने अपने पति के साथ मिलकर उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। घटना के बाद बच्ची के शरीर पर चोट के निशान मिलने से परिजनों में आक्रोश फैल गया। परिजन बच्ची को लेकर सीधे सिटी कोतवाली पहुंचे और आरोपियों के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई।जानकारी के अनुसार, पीड़ित छात्रा नियमित रूप से संबंधित शिक्षिका के यहां ट्यूशन पढ़ने जाती थी। परिजनों का आरोप है कि पढ़ाई के दौरान जब बच्ची से पहाड़ा सुनाने के लिए कहा गया और वह सही ढंग से नहीं सुना सकी, तो शिक्षिका ने पहले उसे डांटा और फिर अपने पति को बुलाकर उसकी पिटाई कराई। आरोप है कि बच्ची के साथ डंडे, लात और घूंसों से मारपीट की गई, जिससे उसके हाथ, पीठ और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं।जब बच्ची घर पहुंची तो उसकी हालत देखकर परिजन स्तब्ध रह गए। पूछताछ में बच्ची ने अपने साथ हुई पूरी घटना परिजनों को बताई। इसके बाद परिजन तत्काल बच्ची को लेकर सिटी कोतवाली थाना पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई। परिजनों ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि शिक्षा देने के नाम पर मासूम बच्चों के साथ इस तरह की हिंसा किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। उनका कहना है कि यदि समय रहते ऐसे मामलों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो अभिभावकों का ट्यूशन व्यवस्था से भरोसा उठ जाएगा

## उप मुख्यमंत्री आज विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**रीवा ।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल 6 जुलाई को सुबह 9 बजे बसामन मामा गौ वन्य विहार अभ्यारण्य में प्राकृतिक खेती के माडल तथा अन्य कार्यों का निरीक्षण करेंगे। उप मुख्यमंत्री अभ्यारण्य परिसर में पौधे रोपित करेंगे। उप मुख्यमंत्री दोपहर बाद 3 बजे कृष्णा राज कपूर आडिटोरियम में आयोजित विचार गोष्ठी और प्रदर्शनी का शुभारंभ करेंगे। इसका आयोजन डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की 125वीं जयंती पर किया गया है। उप मुख्यमंत्री शाम 7.45 बजे रीवा रेलवे स्टेशन से रेवांचल एक्सप्रेस ट्रेन से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

# बारिश से पहले ही डूबने को तैयार मऊगंजः कचरे से पटी नालियां, बीमारी का खुला निमंत्रण

### स्वच्छता के नाम पर लाखों खर्च, पर सफाई सिर्फ कागजों में,नालियों में सड़ांध, जिम्मेदार

**मऊगंज।** जिले के तीनों नगरीय निकाय मऊगंज,हनुमना और नईगढ़ी में मानसून से पहले ही हालात बेकाबू होते दिख रहे हैं। नगरीय प्रशासन की लापरवाही के चलते शहर की नालियां कचरे से पटी पड़ी हैं। बजबजाती नालियों में सड़ांध और मच्छरों का साम्राज्य है। स्थानीय लोगों का साफ कहना है कि अगर समय रहते सफाई और पानी निकासी की उत्तम व्यवस्था नहीं हुई तो बारिश में स्थिति विकराल होगी और महामारी फैलना तय है।सबसे बड़ा सवाल यह है कि स्वच्छता मिशन के नाम पर हर वर्ष लाखों-करोड़ों की राशि खर्च की जा रही है। कागजों में तीनों नगर परिषदों में पर्याप्त संख्या में सफाई मित्र कार्यरत हैं। हर महीने मोटी रकम वेतन के रूप में बांटी जा रही है। फिर भी शहर की नालियां आखिर साफ क्यों नहीं हो रही? स्थानीय लोगों का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इन कामगारों से मांग के अनुसार सफाई कार्य नहीं कराया जाता। नतीजा, जन सुखाधिकार को पूरी तरह नजरअंदाज किया जा रहा है।निकाय क्षेत्रों में यहां के हालात हैं अत्यंत खराबजिले के नईगढ़ी के वार्ड क्रमांक 13 बसोर बस्ती, पुरानी बाजार, हनुमना का घनी



आबादी वाला क्षेत्र और मऊगंज पुराना बस स्टैंड के आसपास, सब्जी मंडी, पुरानी बाजार, दुबे चौराहा के पास, पशु चिकित्सालय चाक मोड़ के आसपास नालियों की स्थिति सबसे दयनीय है। कचरा जमा होने से पानी निकासी पूरी तरह ठप है। हल्की बारिश में ही सड़कें तालाब बन जाती हैं। गंदा पानी घरों-दुकानों में घुसता है। इसी गंदगी में पनप रहे मच्छर डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया जैसी बीमारियों को सीधा न्योता दे रहे हैं।स्थानीय नागरिकों ने बताया कि कई बार नगर परिषद के अधिकारियों को शिकायत दी गई, पर कोई सुनवाई नहीं हुई। व्यवस्था के नाम पर राशि तो आहरित कर ली जाती है, लेकिन धरातल पर काम शून्य है, मऊगंज नगर के व्यापारी ने आक्रोश जताते हुए बताया कि स्वच्छता के नाम पर स्थिति अत्यंत दयनीय है लोगों को घरों के सामने बॉक्स रखने हेतु आदेश को जारी किए गए हैं लेकिन नगर की नालियां सड़ाध मार रही हैं निकाय के जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी भूल चुके हैं। लोगों ने अब सीधे जिला प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है। नागरिकों ने प्रशासन से लगाई गुहार नगरीय क्षेत्रों में छाई अव्यवस्था से परेशान आम नागरिकों ने कहा कि वर्षा पूर्व युद्ध-स्तर पर सभी नालियों की सफाई कराई जाए।पानी निकासी के लिए पक्की और उत्तम व्यवस्था बनाई जाए ताकि जलभराव न हो।नालियों और जलभराव वाले क्षेत्रों में मच्छरनाशक दवा का नियमित छिड़काव हो।सफाई मित्रों से काम न कराने वाले और लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई हो।जनप्रतिनिधि भी अब इस मुद्दे पर मुखर हो रहे हैं। नईगढ़ी नगर परिषद वार्ड क्रमांक 7 के पार्षद रतनलाल मिश्र का कहना है कि अगर प्रशासन ने तुरंत कदम नहीं उठाए तो आने वाले दिनों में स्थिति संभालना मुश्किल होगा। बारिश के मौसम में जल भराव हुआ और गंदगी के कारण बीमारी फैली तो इसकी पूरी जिम्मेदारी नगरीय प्रशासन की होगी। मानसून सिर पर है। अब देखना यह है कि क्या नगर प्रशासन इस जन आक्रोश का संज्ञान लेकर त्वरित कार्रवाई के निर्देश देते हैं, या फिर हर साल की तरह इस बार भी जनता को बीमारी और जलभराव का दंश झेलना पड़ेगा। फिलहाल तो कचरे से पटी नालियां पूरे सिस्टम की पोल खोल रही हैं।



## गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने सहित गौ संरक्षण एवं गौ कथा के आयोजन को लेकर बैठक संपन्न

मऊगंज

गौ माता को राष्ट्र माता घोषित किए जाने, गौ संरक्षण तथा गौ कथा के आयोजन को लेकर रविवार को शगुन मैरिज गार्डन, मऊगंज में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।बैठक में एक दिवसीय प्रवास पर पधारे काशी के संत एवं बिहार प्रभारी पूज्य ओंकार दास महाराज का स्नेहिल आशीर्वाद प्राप्त हुआ। इस दौरान आगामी कार्ययोजना पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। कार्यक्रम में गौ माता की अध्यक्षता एवं नंदी भगवान के नेतृत्व का भावात्मक उल्लेख किया गया।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 27 जुलाई 2026 को भारत सरकार को गौ माता को राष्ट्र माता घोषित किए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा जाएगा एंव गौ कथा के आयोजन हेतु समिति का गठन करके यज्ञशाला तैयार करने का प्रस्ताव पारित किया गया और जिले में गौ माता के नाम पर कथित भ्रष्टाचार के कारण गौवंश की दयनीय स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए गौ संरक्षण के लिए आवश्यक प्रयास एवं कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में गौ भक्त संतोष मिश्रा, विपिन सिंह,रावेंद्र मिश्रा आचार्य, दिनकर त्रिपाठी,मोनू दुबे निखिल शर्मा मयंक मिश्रा पंकज द्विवेदी रोहित शुक्ला शिवाकांत साकेत छोटू प्रजापति रामकृष्ण सोनी रामानुज कोल रविशंकर प्रजापति शुभम मिश्रा दिनेश कुमार तिवारी, देवेंद्र पाण्डेय अखिलेश पाण्डेय कृष्ण सागर मिश्रा नरेंद्र कुमार मिश्रा उमेश कुमार मिश्रा रामलला तिवारी पुष्पेंद्र द्विवेदी रमाकांत द्विवेदी राजधर विश्वकर्मा चंद्रशेखर मिश्रा सोहम द्विवेदी सुखेंद्र द्विवेदी, शुभम चतुर्वेदी उपेंद्र मिश्रा महेंद्र गौतम पंडित सहित बड़ी संख्या में गौ भक्त उपस्थित रहे।